तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 39.3° | 23.2° |
| इंदौर | 39.2° | 24.4° |
| जबलपुर | 39.0° | 23.3° |
| ग्वालियर | 39.8° | 22.0° |

दैनिक
# नईदुनिया
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 147,पृष्ठ 12)
शुक्रवार 26 अप्रैल 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये


**राजधानी...** कांग्रेस अमेरिका की बात करती है तो चुनाव...


**खेल...** इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौला की भूमिका...


**व्यापार...** पित्रोदा के विरासत टैक्स वाले बयान पर अश्नीर...


**देश-विदेश...** कमला हैरिस की सुरक्षा में शामिल सीक्रेट सर्विस...

www.naiduniaonline.com

मुरैना में प्रधानमंत्री मोदी ने गांधी परिवार बोला हमला, कहा...

# इंदिरा की संपत्ति बचाने राजीव ने कानून बदला

मुरैना (एजेंसी)।

**इन्हैरिटेंस टैक्स (विरासत कर) से जुड़े मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लगातार दूसरे दिन कांग्रेस पर ताबड़तोड़ हमले बोले और कहा कि ये कर कांग्रेस सरकार के समय में पहले भी लागू था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से मिलने वाली संपत्ति को पाने के लिए उनके पुत्र और तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इस कर को समाप्त कर दिया और अब अपना मामला निपटने के बाद कांग्रेस सत्ता पाने फिर वही कानून और कड़ाई से लागू करना चाहती है।**

श्री मोदी मध्यप्रदेश के मुरैना में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी उपस्थित रहे। श्री मोदी ने इस कर संबंधित इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के निदेशक सैम पित्रोदा के सुझाव को लेकर आज फिर कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि वे आज देश के सामने एक बहुत बड़ा तथ्य रखने जा रहे हैं, जिसे सभी ध्यान से सुनें। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जब नहीं रहीं, तो उनकी जो मिल्कियत थी, उनकी संतानों को मिलनी थी, लेकिन, पहले ऐसा कानून था कि इस प्रकार से मिलने वाली संपत्ति से एक हिस्सा सरकार ले लेती थी। ये कांग्रेस की सरकार ने कानून बनाया था। उन्होंने कहा कि श्रीमती गांधी के निधन के बाद चर्चा थी कि अब जब वे नहीं रही तो उनके बेटे राजीव गांधी को ये प्रॉपर्टी कैसे मिलेगी क्योंकि श्रीमती गांधी बेटे को संपत्ति मिलने की बात लिख कर गई थीं। ऐसे में इस संपत्ति को बचाने के लिए उस समय के प्रधानमंत्री दिवंगत राजीव गांधी ने इस कानून को समाप्त कर दिया और खुद के पैसे बचा लिए। उन्होंने कांग्रेस के संदर्भ में कहा कि खुद पर आई तो कानून हटा दिया, अब वहां मामला निपट गया तो आज फिर सत्ता पाने के लिए वही कानून ज्यादा कड़ाई से वापस लाना चाहते हैं। बिना टैक्स के अपने परिवार की चार-चार पीढ़ियों की दौलत हासिल करने के बाद अब ये लोग सामान्य आदमी की विरासत, मेहनत की कमाई पर टैक्स लगा कर आधी संपत्ति लूटना चाहते हैं और इसलिए देश कह रहा है कि कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के ये जो इरादे हैं, उससे आपकी रक्षा करने के लिए मोदी दीवार बन कर खड़ा है। कांग्रेस की ये गाली गलौच इसलिए हो रही है क्योंकि मोदी 56 इंच का सीना तान कर खड़ा है, लेकिन इनके मंसूबे सफल नहीं होंगे। ये मोदी की गारंटी है। श्री मोदी ने कल भी मध्यप्रदेश के सागर और हरदा में अपने चुनावी सभा में इस मामले को लेकर कांग्रेस को जबर्दस्त तौर पर घेरा था। श्री मोदी ने कहा था कि दादा नाना अपने बच्चों के लिए जो संपत्ति बचाते हैं, कांग्रेस की अब उस पर भी नजर है। कांग्रेस को देश के पारिवारिक मूल्यों का भी सम्मान नहीं है। कांग्रेस के परामर्शकार श्री पित्रोदा ने इस टैक्स का सुझाव देते हुए कहा था कि अमेरिका में इस प्रकार का टैक्स लागू है और भारत में भी इस पर बात होनी चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मुरैना में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चंबल की धरती मुरैना में आगमन हमारे लिए सौभाग्य की बात है। यह राम प्रसाद बिस्मिल की धरती है। यहां के नौजवान सरहदों पर देश की रक्षा के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और भारत माता की रक्षा करते हुए बलिदान तक दे देते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के पास जाकर दीवाली मनाकर उनका सम्मान बढ़ाते हैं और उन्हें संबल देते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि देश में आतंकवाद को समाप्त करने का काम और पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। आज देश से आतंकवाद का खात्मा हुआ है। आतंकवादी अब भारत में प्रवेश करने से डरते हैं, लेकिन राहुल गांधी सेना के शौर्य पर सवाल उठाकर सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगते हैं और दिग्विजय सिंह सेना का अपमान करते हैं।




### जनता की संपत्ति हड़पने से पहले विपक्ष को मोदी से निपटना पड़ेगा

वहीं,आगरा में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और इंडिया समूह पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग जनता की संपत्ति हड़पने की साजिश रच रहे हैं। उनकी योजना है कि विरासत टैक्स लगाकर जनता की आधी संपत्ति पर कब्जा कर लिया जाए। ऐसा कोई भी पाप करने से पहले उनको मोदी से निपटना पड़ेगा। उन्होंने प्रदेश के सपा-कांग्रेस गठबंधन पर भी हमलावर होते हुए कहा कि यूपी में दो लड़कों की दोस्ती तुष्टिकरण की राजनीति है। भाषण में ओबीसी-ओबीसी करते हैं। बाद में पिछले दरवाजे से ओबीसी का हक छीन कर दूसरों को देना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को जिले के दोनों भाजपा प्रत्याशियों एसपी सिंह बघेल और राजकुमार चाहर के समर्थन में कोठी मीना बाजार मैदान पर आयोजित संयुक्त जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जनसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके मंत्री भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोग कहते हैं आपकी संपत्ति की जांच होगी। शहजादे कहते हैं उनकी एक्स-रे मशीन है। वह लॉकर में पहुंचेगी। क्या माताएं-बहनें अपना मंगलसूत्र किसी को लेने देंगी। वे गला कटवा देंगी मगर, मंगलसूत्र नहीं लेने देंगी। नया प्लान सामने आया है। कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। मतदाता की नब्ज पर हाथ रखते हुए श्री मोदी ने कहा कि मान लीजिए आपके माता-पिता ने चार कमरे का घर (शेष पेज 2 पर)

**खास-खबरें**

### हार के भय से भ्रमित कर रहे हैं प्रधानमंत्री : कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण मतदान के रुख को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम जनता को भ्रमित कर रहे हैं। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा के चुनावों में पहले चरण के मतदान के रुख से श्री मोदी डर गये हैं और लोगों का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र न्याय पत्र हैं और प्रधानमंत्री इसे सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने विरासत कर का उल्लेख करते हुए कहा कि श्री मोदी उन मुद्दों को सामने ला रहे हैं जिनका कांग्रेस के घोषणा पत्र में कोई जिक्र नहीं है।

### संदेशखाली मामले में सीबीआई दर्ज की पहली एफआईआर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई ) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में पांच प्रभावशाली लोगों के खिलाफ ज़मीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध पहला मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला भूमि हड़पने का है जहां पीड़ित परिवार की महिलाओं को प्रभावशाली लोगों से कथित रूप से यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। सीबीआई ने पांच आरोपियों और पीड़ितों की पहचान अब तक उजागर नहीं की है।

## लोक सभा चुनाव के दूसरे चरण में 88 सीटों के पर मतदान आज

**नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में चुनाव में शुक्रवार को 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर वोट डाले जायेंगे और इसके लिये चुनाव आयोग ने मतदान केन्द्रों तक वोटिंग मशीनें पहुंचाने से लेकर सुरक्षा व्यवस्था समेत सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।**

मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक कराया जायेगा। इसके लिये दूरदराज के मतदान केन्द्रों पर मतदान कराने वाले अधिकारियों की टीमें मतदान सामग्री के साथ पहले ही रवाना कर दी गयी हैं। आयोग ने दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिये घर से मतदान करने की सुविधा भी की है। तेज गर्मी को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर पेयजल और छाया की व्यवस्था की जा रही है। पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान 66 प्रतिशत से कुछ अधिक था। जिला निर्वाचन अधिकारी मतदान में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये फोन पर रिकार्ड की हुई अपील जारी करने के अलावा सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से मतदान के महत्व को रेखांकित कर रहे हैं। दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बसपा के उम्मीदवार के निधन के कारण अब इस सीट पर चुनाव सात मई को तीसरे चरण में कराया जायेगा।

### भारतीय वायुसेना का टोही विमान जैसलमेर जिले में दुर्घटनाग्रस्त

**जैसलमेर (एजेंसी)। भारतीय वायुसेना का मानव रहित एक टोही विमान गुरुवार सुबह राजस्थान के जैसलमेर जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।**

सुरक्षा से जुड़े आधिकारिक सूत्रों के अनुसार वायुसेना का यह टोही विमान जैसलमेर के वायु सैनिक हवाई अड्डे से सुबह अपनी नियमित अभ्यास पर उड़ान भरी थी और उड़ान के दौरान करीब 10.20 बजे सम्भवतः विमान में तकनीकी खराबी आ जाने से वह अनियंत्रित होकर जैसलमेर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर पिथला क्षेत्र में भोजोनियों की ढाणी के पास धमाके के साथ सुनसान स्थान पर गिर गया। इसके बाद विमान में आग लग गयी और वह जलकर नष्ट हो गया।

## कांग्रेस राज में दिल्ली का एटीएम बना तेलंगानाः शाह




**हैदराबाद (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने गुरूवार को आरोप लगाया कि तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने सत्ता में आने के कुछ ही समय के भीतर राज्य को 'दिल्ली का एटीएम' बना दिया है।**

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने मेडक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एम रघुनंदन राव के समर्थन में राज्य के सिद्दीपेट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इतने कम समय में कांग्रेस ने तेलंगाना को दिल्ली का एटीएम बना दिया। कांग्रेस पार्टी भारत राष्ट्र समिति के भ्रष्टाचार की जांच नहीं कर रही है, चाहे वह कालेश्वरम (परियोजना) हो या भूमि घोटाला। शाह ने कहा कि टीआरएस और कांग्रेस, दोनों मिली हुई हैं। आप मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं, मोदी तेलंगाना को इस भ्रष्टाचार से (शेष पेज 2 पर)

## पटना जंक्शन के पास होटल में लगी आग, छह की मौत, 20 घायल

**पटना (एजेंसी)। बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र में पटना जंक्शन के पास एक होटल में गुरुवार सुबह अचानक आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई तथा 20 लोग झुलसकर घायल हो गए।**



नगर पुलिस अधीक्षक (मध्य) चंद्र प्रकाश ने पटना जंक्शन के पास पाल होटल में आग लगने से छह लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मृतकों में तीन पुरुष और तीन महिला हैं, जिनकी तत्काल पहचान नहीं हो सकी है । पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रथमदृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट है। आग लगने के बाद होटल में रखे सिलेंडर में भी विस्फोट हुआ, जिससे आग और भड़क गई। देखते ही देखते आग चार मंजिला भवन के सभी तल पर फैल गई और पास वाली बिल्डिंग को भी अपनी जद में ले लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन दल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई।

### विदेशों में फंसे भारतीयों की वापसी शीघ्र होगी

नई दिल्ली (एजेंसी)।

रूसी सेना में फंसे 10 भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं और बाकी लोगों की रिहाई के लिए भी रूस सरकार ने सहयोग का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार से ईरान द्वारा बंधक बनाये गये वाणिज्यिक पोत पर तैनात चालक दल के सदस्यों में भारतीय सदस्यों की भी जल्द ही स्वदेश वापसी होने की संभावना है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में यह जानकारी दी।

## देश में जितना महत्व सरकार का उतना ही विपक्ष काः पायलट

**मंदसौर (निप्र)।** कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी दिलीपसिंह गुर्जर के पक्ष में बहुतप्रतिक्षित सभा गुरुवार को गांधी चौराहे पर संपन्न हुई ।जिसमें वक्ताओं ने दस साल के कुशासन का हवाला देते हुए जनता से मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील की। मुख्य वक्ता राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट थे। साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी,पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, विवेक तनखा,पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन ने भी संबोधित किया। सचिन पायलट ने अपने उद्बोधन में कहा की भाजपा दस साल से सत्ता में है ।फिर भी येन केन सत्ता पाना चाहती है। लेकिन देश की जनता अब समझ



चुकी है ।इसलिए पहले चरण के चुनाव के बाद अब भाजपा वास्तविक मुद्दे गायब कर बेफिजूल के मुद्दे उछाल रही है। जिसका सच से कोई लेना देना नहीं है। इसी डर के चलते एक पुराने नोटिस पर कारवाई करते हुए कांग्रेस के खाते बंद करवा दिए गए। लेकिन भाजपा भूल गई है की देश में जितना महत्व सरकार (शेष पेज 2 पर)

### मोदी, राहुल के विरुद्ध शिकायतों पर चुनाव आयोग ने पार्टियों को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिये आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया।

चुनाव आयोग ने श्री मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज़ कराई गयी शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है।आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से अपने पार्टी के स्टार प्रचारकों को आयोग द्वारा समय- समय पर जारी निर्देशों के प्रति सजग रहने की हिदायत देते हुये उनसे नोटिस का 29 तारीख तक जवाब मांगा है। चुनाव आयोग ने दोनों पार्टियों के प्रमुखों को जारी नोटिसों में श्री मोदी या श्री गांधी का सीधे उल्लेख नहीं किया है।

**स्पेशल खबर** *खड़गे ने मोदी से मिलने का वक्त मांगा,चिट्ठी लिखकर कहा...*

## कांग्रेस का न्याय पत्र समझाना चाहता हूँ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सबसे पुरानी पार्टी के न्याय पत्र को समझाने के लिए उनका समय मांगा। कांग्रेस के घोषणापत्र का बचाव करते हुए, खड़गे ने कहा कि न्याय पत्र का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और सभी जातियों और समुदायों के हाशिए पर रहने वाले लोगों को न्याय प्रदान करना है।

खड़गे ने लिखा कि आपके सलाहकार आपको उन चीजों के बारे में गलत जानकारी दे रहे हैं जो हमारे घोषणापत्र में भी नहीं लिखी गई हैं। मुझे आपसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर हमारे न्याय पत्र के बारे में समझाने में बहुत खुशी होगी ताकि देश के प्रधान मंत्री के रूप में आप कोई भी गलत बयान न दें। कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि संदर्भ से हटकर कुछ शब्दों को पकड़ना, सांप्रदायिक विभाजन पैदा करना आपकी आदत बन गई



है। मोदी के हालिया भाषणों का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि वह प्रधानमंत्री द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा से न तो हैरान हैं और न ही हैरान हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद थी कि चुनाव के पहले चरण में बीजेपी का निराशाजनक प्रदर्शन देखने के बाद आप और आपकी पार्टी के अन्य नेता इस तरह की बातें करना शुरू करेंगे। कांग्रेस वंचित गरीबों और उनके अधिकारों (न्याय) की बात करती रही है। हम जानते हैं कि आपको और आपकी सरकार को गरीबों और वंचितों की कोई (शेष पेज 2 पर)

### एक दिन डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी कांग्रेस : राजनाथ



**लखीमपुर खीरी (एजेंसी)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि जिस तरह से कांग्रेस चल रही है, वह जल्द ही 'डायनासोर' की तरह विलुप्त हो जाएगी। सिंह ने खीरी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार अजय कुमार मिश्रा और धौरहरा से पार्टी प्रत्याशी रेखा वर्मा के समर्थन में लखीमपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर हमला किया। उन्होंने कहा कि वे दिन करीब आ गए हैं जब ये पार्टियां अतीत की (शेष पेज 2 पर)